सर, यह मोनुमेंटल स्कैम है और मोनुमेंटल स्कैम में प्रधान मंत्री खुद कोयला मंत्री थे। सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा कि किसी का कारण भी नहीं लिखा है कि किसको क्यों दिया और किसको क्यों नहीं दिया है, इसलिए हम माँग करते हैं कि ये फाइलें गायब होने का जो पैनल है, यह बेमतलब का है। उसमें ऐसे लोगों को मत रखो, जिन्होंने पहले ही सी.बी.आई. की रिपोर्ट बदलने का काम किया है और हम यह माँग करते हैं कि दिए हुए वचन के अनुसार पी.एम. को आज सदन में आकर स्टेटमेंट देना चाहिए और उसके बारे में हमारी क्वेरिज़ लेनी चाहिए। वे रखवाले फाइल के भी हैं और देश के भी हैं, लेकिन दोनों काम ठीक नहीं कर रहे हैं। यह हमारा यहाँ कहना है। ...(व्यवधान)...

(समाप्त)

श्रीमती माया सिंह (**मध्य प्रदेश**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करती हूँ।

श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी (**गुजरात**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करती हूँ।

श्री नंद कुमार साय (**छत्तीसगढ़**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

श्री नतुजी हालाजी ठाकोर (**गुजरात**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

श्री ओम प्रकाश माथुर (**राजस्थान**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

श्री बसावाराज पाटिल (**कर्णाटक**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

श्री मनसुख एल. मांडविया (**गुजरात**): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

(समाप्त)

श्री रवि शंकर प्रसाद (**बिहार**): सर, आपको मालूम है कि इस पर बहस हो चुकी है। The Government must give a statement. एक दिन पी.एम. आए थे, इसे हम स्वीकार करते हैं। उस दिन हाउस नहीं हो सका, क्योंकि यह turmoil में था। अभी पी.एम. का स्पष्टीकरण पेंडिंग है। देश एजिटेटेड है, यह एक मोनुमेंटल स्कैम है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि मिसिंग फाइल्स के बारे में एफ.आई. आर. कीजिए। ...(व्यवधान)... सर, इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: लेकिन रवि शंकर प्रसाद जी, पी.एम. इधर आए थे। ...(व्यवधान)... एक दिन पी.एम. आए थे, ...(व्यवधान)... उस दिन ...(व्यवधान)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, ...(व्यवधान)... उस दिन हाउस नहीं चला। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: पी.एम. की गलती नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अली: सर, ...(व्यवधान)...

डा. प्रभा ठाकुर: सर, ...(व्यवधान)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, उस दिन हाउस नहीं चला। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: It is not the fault of the Prime Minister.

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, ...(व्यवधान)... लेकिन, सरकार को बताना चाहिए ...(व्यवधान)... सर, आप देश की आवश्यकता समझें। हम चाहेंगे कि इस पर पी.एम. जवाब दें। ...(व्यवधान)...

DR. V. MAITREYAN: Sir, the Government should say something on this. ...(Interruptions)....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. Okay. ...(Interruptions).... Now we will take up Special Mentions. ...(Interruptions).... You can discuss it in the BAC. ...(Interruptions).... इसे बी.ए.सी. में ले जीजिए। ...(व्यवधान)... Now we will take up Special Mentions. Shri Ram Kripal Yadav to lay on the Table.

श्री राम कृपाल यादव: सर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप यह बोलिए कि "I am laying on the Table." Are you laying on the Table?

श्री राम कृपाल यादव: सर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...(व्यवधान)...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव शुक्ल): सर, ...(व्यवधान)...

श्री राम कृपाल यादव: सर, क्या वजह है कि आप स्पेशल मेंशन को पढ़ने की अनुमति नहीं देते हैं? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: ठीक है। आप अपना स्पेशल मेंशन शाम पाँच बजे पढ़ लीजिए। ...(व्यवधान)... Now, Shri Mansukh Lal Mandaviya. He is not laying. Sardar Sukhdev Singh Dhindsa; he is not present. Shri Vivek Gupta; he is not present. Shrimati Smriti Zubin Irani ...(Interruptions)... She will read it in the evening. Shri Rama Chandra Khuntia; he is not present.

SPECIAL MENTIONS*

MP/9A

DEMAND FOR MAKING A UNIFORM POLICY FOR INCREASE IN TOLL RATES ON NATIONAL HIGHWAYS IN THE COUNTRY

श्री ओम प्रकाश माथुर (**राजस्थान**) : महोदय, आपकी अनुमति से मैं राष्ट्रीय

---

* Laid on the Table.

राजमार्ग संख्या 8 पर जयपुर-गुड़गांव के बीच 1 सितम्बर, 2013 से टोल दरों में की गई वृद्धि के मुद्दे को सदन में मंत्री महोदय के सामने रखना चाहता हूं। महोदय, वर्तमान में जयपुर से गुड़गांव के बीच 3 टोल गेट पड़ते हैं क्रमशः मनोहरपुर, दौलतपुरा और शाहजहांपुर, जिन पर अभी निजी चौपहिया वाहनों को एक तरफ से 201 रुपए टोल देना होता है, जिसे अनुबंधित फर्म ने 1 सितम्बर से बढ़ाकर 215 रुपए करने का फैसला किया है, जो अनैतिक है।

महोदय, जयपुर-दिल्ली के बीच पहले फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग था, जिसे परिवर्तित करके छः लेन का कार्य पांच वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ और यह कार्य नवम्बर, 2011 में पूरा हो जाना चाहिए था। स्थिति यह है कि दो वर्ष की देरी के बाद भी अभी न तो प्राधिकरण और न ही अनुबंधित फर्म यह बताने की स्थिति में हैं कि यह कार्य कब पूरा होगा, जिसकी वजह से राजमार्ग पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है और जयपुर-दिल्ली का सफर बहुत ही कष्टदायक हो गया है। एनएचएआई के मुख्य महाप्रबंधक के हवाले से खबर है कि ज़मीन उपलब्ध न होने के कारण कार्य पूरा नहीं हो रहा है। महोदय, इतनी बड़ी योजना को क्या बिना भूमि अधिग्रहण किए ही प्रारंभ कर दिया गया था? उसकी कोई समय-सीमा तो हो कि कब तक ज़मीन मिल जाएगी और कब यह योजना पूरी होगी?

महोदय, प्रति माह डीज़ल के दामों में वृद्धि अब नियमित रूप से हो रही है, परिणामस्वरूप जयपुर-दिल्ली आना-जाना पहले से अधिक महंगा हो गया है। राजमार्ग की स्थिति यह है कि पहले फिर भी 5 घंटे से कम समय में

जयपुर से दिल्ली आना होता था। गत दो वर्षों से तो यह समय बढ़कर 6 से 7 घंटे हो गया है, वह भी तब जब रास्ते में आए दिन होने वाला जाम न मिले। क्या ऐसे में फर्म द्वारा टोल दरें बढ़ाना न्यायसंगत है? महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या समूचे राष्ट्र में टोल दरों के लिए कोई एक नीति बनी हुई है या नहीं या अनुबंधित फर्में अपने हिसाब से प्रतिवर्ष इसमें इजाफा करती रहती हैं और उन्हें चुकाने के बाद भी आम जनता को उस राजमार्ग पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं, इसे देखने की जिम्मेदारी किसकी है? और टोल दरों को बढ़ाने के बाद अगर राजमार्ग पर सुविधाएं पूरी मिलें और सफर सुविधाजनक हो तो कोई समस्या नहीं है। मेरा मंत्री महोदय से आग्रह है कि एक बार दिल्ली से जयपुर सड़क मार्ग से जाकर देखें कि स्थिति क्या है? इस तरह अनुबंधित फर्मों को टोल दरें बढ़ाने की छूट नहीं होनी चाहिए, इसके लिए कोई एक समान नीति होनी चाहिए।

(समाप्त)

9B/DS

DEMAND FOR TAKING STEPS TO PROVIDE ADEQUATE FACILITIES TO TOURISTS FOR DEVELOPMENT OF TOURISM IN ANDAMAN AND NICOBAR

श्रीमती बिमला कश्यप सूद (हिमाचल प्रदेश): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश के पर्यटन की तरफ दिलाना चाहती हूँ। हमारे देश में बहुत सारे पर्यटक स्थल हैं, जिनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इस संदर्भ में मैं अंडमान-निकोबार का उदाहरण देना चाहूँगी। मैं अपने परिवार के

साथ वहाँ गई थी, लेकिन मुझे यह देखकर दुःख हुआ कि कुदरत ने तो हमें बहुत कुछ दिया है, परन्तु हम उसका सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। पोर्टब्लेयर के समुद्री तट पर स्कूबा डाइविंग आदि बहुत सारी गेम्स थीं, परन्तु वहाँ कुछ भी व्यवस्थित नहीं था। वहाँ शौचालय और महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए भी जो स्थान बने थे, वे पत्तियाँ लगाकर बनाए गए थे। वे सब टूटे-फूटे और गंदे थे। फिर हम सरकारी फेरी के द्वारा पोर्टब्लेयर से हैवलॉक गए, जो एशिया का सबसे सुन्दर और दूसरे नम्बर का बीच है। जिस फेरी में हम वहाँ गए, उसमें छः एयरकंडिशनर्स लगे थे, परन्तु सब खराब थे। उनमें से एक भी ए.सी. काम नहीं कर रहा था और वहाँ बहुत ही बुरी हालत थी। वहाँ सफाई नाम की कोई चीज़ नहीं थी। वहाँ भी सरकार की तरफ से कोई खास व्यवस्था नहीं थी और उस स्थान को पर्यटन की दृष्टि से सुविधाजनक नहीं बनाया गया था। पूछने पर पता चला कि सरकार वहाँ फंड भेजती है। मैं सरकार से पूछना चाहती हूँ कि वह पैसा कहाँ जाता है? इन समुद्री तटों को थाईलैंड और अन्य देशों की तरह क्यों नहीं बनाया जाता, जिससे पर्यटकों को सुविधा हो? इससे लोग बार-बार यहाँ आना पसंद करेंगे और देश को आमदनी भी ज्यादा होगी।

अतः आपके माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध है कि पोर्ट ब्लेयर समुद्री तट पर अच्छी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाए ताकि अधिक से अधिक सैलानी वहाँ की सुंदरता का आनंद उठा सकें।

(समाप्त)

KLS/9C

DEMAND FOR GIVING COMPENSATION AND WAIVING OF CROP LOANS TO FARMERS OF KARNATAKA

SHRI AAYANUR MANJUNATHA (**KARNATAKA**): I would like to draw the kind attention of the hon. Minister of Agriculture towards damages caused by heavy rainfall in Karnataka.

Districts of Shimoga, Chickmangalur, Mangalore, Udipi and North Kanada have been severely affected by heavy rainfall in recent times. Crops like paddy, arecanut, maize, ginger, vegetable, flowers, etc. are lost due to this heavy rainfall. As per estimation given by the Agricultural Department of Karnataka, the loss is estimated about Rs.2,000 crores to Rs.3,000 crores. Crops are also affected by Phytophthora diseases.

Hence, I urge upon the Union Government that: (i) compensation should be given to the farmers; (ii) current year crop loan should be waived; (iii) agricultural loan should be restructured; and (iv) research has to be carried out on Phytophthora disease so that the poor farmers can be saved from loan and financial burden and committing suicides due to excess burden. (Ends)

PK/9D

DEMAND FOR TAKING EFFECTIVE MEASURES FOR SMOOTH DISBURSEMENT OF LOANS UNDER KISSAN CREDIT CARDS SCHEME TO FARMERS IN ASSAM.

SHRI PANKAJ BORA (ASSAM): Loan disbursement to farmers in Assam is very poor. Around 27.5 lacs farm families, of which 85 per cent being small and marginal farmers, are in the need of bank credit. The State Government has taken initiatives to enhance credit flow by simplifying the procedure for Kisan Credit Cards (KCC) and has waived stamp duty on loans up to Rs.50,000.00; it is also giving interest subvention up to Rs.2.0 lacs on all crop loans. The scheme is reviewed regularly at all levels of State Government. But the Nationalised Banks, on one pretext or the other, delay the KCC proposals and harass the farmers. The general Credit Deposit Ratio in Assam is below 46.60 per cent as against the national norms of 60 per cent and the apathy shown by the banks in disbursing KCC loans have compounded the farmers' miseries. The outreach of banking facilities is poor, as population per branch is above 18,000 as against the national average of less than 14,000, and the operating area is 50 sq. km. per branch, making it virtually impossible for a farmer to visit a bank in times of need. Moreover, many branches are under-staffed causing further

misery to the farmers. The banks also do not issue cards and the loan sanctioned is only for a season and not for the whole year and the amount sanctioned is not adequate.

It is, therefore, urged that the Government should immediately look into these matters and initiate immediate effective steps for smooth credit disbursement and should also open more bank branches, especially in remote areas with adequate staff, so that the farmers in Assam can avail themselves of the bank credit facilities.

(Ends)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, now we will take up Statutory Resolution and The National Food Security Bill. Please ...(Interruptions).... बैठिए, बैठिए। ...(व्यवधान)... All of you please sit down. आप लोग बैठिए। ...(व्यवधान)... All of you please sit down. आप लोग बैठिए। ...(व्यवधान)... रूपाला जी, बैठिए। ...(व्यवधान)... Now we have to take up ...(Interruptions).... Please sit down. ...(Interruptions).... All of you please sit down. Hon. Members, now we have to take up Statutory Resolution and National Food Security Bill. The House knows that both will be discussed together, but I will call the first person who has given the Motion to move the Resolution. If he is not there, then the next person, i.e.

Shri Ravi Shankar Prasad will move the Resolution. We are going to take up the Statutory Resolution and The National Food Security Bill.

(Contd. by KS/1R)

-SSS/KS-VNK/1R/12.40

MR. DEPUTY CHAIRMAN (CONTD.): Shri Ram Jethmalani to move the Statutory Resolution. Is he present? ...(Interruptions)... He is not present. Shri Ravi Shankar Prasad to move the Resolution.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, I am making a request to you. ...(Interruptions)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...(Interruptions)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: I am making a request to you. In my place, the hon. Leader of the Opposition will speak, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think the House agrees on that. The hon. Leader of the Opposition to move the Statutory Resolution.

श्री साबिर अलीः सर, मैं आपसे जानना चाहता हूँ ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. आप बैठिए। ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अलीः सर, मैं आपसे एक मिनट का समय मांगता रहा ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापतिः कृपया, आप बैठिए। ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अलीः सर, पेट्रोलियम पर बोलने का मौका मुझे नहीं दिया गया ...(व्यवधान)... यह मामला इस देश से जुड़ा हुआ है। ...(व्यवधान)... यह मामला पेट्रोलियम से जुड़ा हुआ है। ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. ...(Interruptions)...

श्री साबिर अलीः यह मामला व्यवस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए मैं आपसे इस पर बोलने के लिए आधा मिनट का समय मांग रहा हूँ। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापतिः आप एलओपी को सुन लीजिए। ...(व्यवधान)... आप बैठिए। ...(व्यवधान)... Don't behave like this. ...(Interruptions)... It is indiscipline. बैठिए, बैठिए। आप एलओपी को सुन लीजिए।

...(व्यवधान)... No, no. It is not going on record. ...(Interruptions)...

श्री साबिर अलीः *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not going on record. ...(Interruptions)...

श्री साबिर अलीः *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. ...(Interruptions)... It is not going on record. Take your seat.

श्री साबिर अलीः *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. It is not going on record. You sit down.

श्री साबिर अलीः *

---

* **Not recorded.**

श्री उपसभापतिः वह रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है, तो फिर आप क्यों बोल रहे हैं? ...(व्यवधान)... इस तरह से बोलने से क्या फायदा है। ...(व्यवधान)... नहीं, नहीं, आप बैठिए। ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अलीः *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are wasting the time. ...(Interruptions)... Don't waste the time of the House.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I request his Party leaders to ask him to sit down.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. I have given the floor to the hon. LoP. ...(Interruptions)... Please sit down.

श्री साबिर अली: *

---

* **Not recorded.**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is this?

श्री साबिर अली: *

श्री उपसभापति: आप ज़ीरो ऑवर के लिए नोटिस दे दीजिए। ...(व्यवधान)... This is not going on record.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But, what is this? Sit down.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not going on record. You sit down.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please! Take your seat. What is this?

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is very bad. Very unfortunate! One Member...

श्री साबिर अली: *

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अली: *

---

* **Not recorded.**

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)... आप फ्रेश नोटिस दे दीजिए। ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. That is not going on record.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. It is indiscipline.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is the height of indiscipline.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. Height of indiscipline! ...(Interruptions)... Don't behave like that.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. ...(Interruptions)... You sit down there.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am asking you to sit down.

श्री साबिर अली: *

---

* **Not recorded.**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am saying, you sit down there.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You sit down there.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will have to expel you if you behave in this way. ...(Interruptions)... Sit down there.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do you want me to expel you? ...(Interruptions)... What are you doing? ...(Interruptions)... Very bad! I would request his seniors to advise him. ...(Interruptions)... Is there anybody who can influence him?

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think his Party leaders are sitting here. Why don't you advise him, N. K. Singh sahib?

श्री साबिर अली: *

---

* **Not recorded.**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is he saying? ...(Interruptions)... What can I do?

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What does he want? ...(Interruptions)... I don't know. ...(Interruptions)... If he wants to say something, he can give Notice.

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What does he want? He has been speaking for the last ten minutes. ...(Interruptions)... क्या करना है? ...(व्यवधान)...

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is his problem? ...(Interruptions)... What is your problem?

श्री साबिर अली: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Zero Hour is over. How can I bring back Zero Hour now? (CONTD. BY TDB/1S)

---

* **Not recorded.**

TDB-DS/1S/12.45

MR. DEPUTY CHAIRMAN (CONTD.): N.K Singhji, can I bring back Zero Hour now? It is over. ...(Interruptions)...

SHRI N.K. SINGH: Sir, he wants to speak for only one minute.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is speaking for ten minutes. ...(Interruptions)...

SHRI SABIR ALI: I will take only 30 seconds, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have taken ten minutes. What are you saying? ...(Interruptions)... अच्छा बोलिए, what you want to speak.

HIKE IN PETROL AND DIESEL PRICES FOR THE SIXTH TIME IN THIS YEAR (contd.)

श्री साबिर अली (**बिहार**): सर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि ओएनजीसी, जो पेट्रोलियम पदार्थ की सबसे बड़ी संस्था है, जो यहाँ डोमेस्टिक उत्पादन करती है, उसने विदेशों में 2007 में कम्पनीज़ खरीदीं और उसमें 2.1 बिलियन डॉलर्स लगाए, जबकि उससे आज तक एक रुपये की भी आमदनी नहीं आई। जो लोग उसमें मुलव्विस थे, आज उनको फिर बड़ी कम्पनी का चेयरमैन बना दिया गया, ऑयल इंडिया कंपनी का चेयरमैन बना दिया गया, उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। ओएनजीसी का जो चेयरमैन है, वह हर साल सिर्फ रिग में और उसकी देखभाल में पेट्रोलियम कंपनी के छः हजार करोड़ रुपये खर्च करता है। इसका मतलब है कि कहीं न कहीं उसके ऊपर बड़े लोगों का हाथ रहता है और उस पर हम ध्यान नहीं देते।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is all. Now, you sit down. ...(Interruptions)...अब आप बैठिए। ..(व्यवधान)..

श्री साबिर अली: सर, ऑयल प्रॉडक्ट्स ..(व्यवधान)..सिर्फ एक्सपोर्ट पर 15 हजार करोड़ का न सिर्फ डिफरेंस है,..(व्यवधान)..

श्री उपसभापति: अब आप बैठिए।..(व्यवधान)..

श्री साबिर अली: सर, यह देश के लिए है।..(व्यवधान)..

श्री उपसभापति: अब आप बैठिए।..(व्यवधान)..

श्री साबिर अली: सर, हम 25 हजार करोड़ की बात करते हैं। सिर्फ ओएनजीसी एक ऐसी संस्था है कि अगर वह ईमानदारी से ..(व्यवधान)..

श्री उपसभापति: मेरी प्रार्थना है कि अब आप बैठिए।..(व्यवधान)..

श्री साबिर अली: सर, मैं पाँच साल से उस कमिटी में हूँ।..(व्यवधान)..

श्री उपसभापति: मेरी प्रार्थना है कि अब आप बैठिए।..(व्यवधान)..

श्री साबिर अली: सर, मैं यह जिम्मेदारी से कह रहा हूँ कि 40 हजार करोड़ सिर्फ लीकेजेज़ से बचाए जा सकते हैं।..(व्यवधान)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please don't waste time. You have made your point. I have allowed you.

श्री साबिर अली: लेकिन सरकार उस पर ध्यान नहीं देती।..(व्यवधान)..

(समाप्त)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: One Member taking the House to ransom. I will be forced to adjourn. ...(Interruptions)... Now, hon. Leader of the Opposition.

STATUTORY RESOLUTION DISAPPROVING THE NATIONAL FOOD SECURITY ORDINANCE (NO. 7 OF 2013) AND THE NATIONAL FOOD SECURITY BILL, 2013

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI ARUN JAITLEY): Sir, I move:

"That this House disapproves the National Food Security

Ordinance (No. 7 of 2013) promulgated by the President

of India on 5th July, 2013."

माननीय उपसभापति जी, जो प्रस्तावना मैंने की है कि राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा क़ानून के संबंध में जो अध्यादेश आया, वह अध्यादेश के अधिकार का दुरुपयोग था। खाद्यान्न सुरक्षा का अधिकार मिले, मेरी पार्टी इसका पूर्ण रूप से समर्थन करती है, लेकिन जिस तरीके से यह अध्यादेश लाया गया और इस क़ानून के अंदर जो लिखा है, उसमें बहुत सुधार की गुंजाइश है।

यह अध्यादेश 5 जुलाई 2013 को आया। संविधान की धारा 123 के तहत अध्यादेश तब लाया जाता है जब संसद का सत्र बुलाने में समय हो और कोई ऐसा विषय आ गया हो जो सत्र के आने तक प्रतीक्षा नहीं कर सकता। If there is a matter of utmost urgency which can't await the session of Parliament, therefore, the Ordinance-issuing power of the Government is used, which is like an executive legislation. 5 जुलाई 2013 को ऑर्डिनेंस आया और 6 अगस्त 2013 को यह सेशन आरंभ होना था। 30 दिनों का समय था। 30 दिनों में ऐसा क्या होने वाला था कि संसद के दोनों सदन चर्चा करके इसको पारित कर देते, इसमें सुधार ले आते, हम उसकी प्रतीक्षा नहीं सकते थे? क्या इस बिल में कुछ ऐसा था कि 30 दिनों में हमें केवल ये कुछ कार्य करने थे? मैंने जब इस ऑर्डिनेंस को पढ़ा, तो इसके क्लॉज़ तीन में लिखा है, "Every person belonging to priority

households, identified under sub-section (1) of Section 10, shall be entitled to receive a certain amount of foodgrains." ऐसे जो घर हैं, जिनको प्राथमिकता दी जाएगी, उनको रियायती दर पर पाँच किलो प्रति व्यक्ति अनाज दिया जाएगा। क्लॉज़ नौ में है कि यह कितने लोगों को दिया जाएगा, यह केन्द्र की सरकार तय करेगी। क्लॉज़ 10 यह कहता है कि इस प्राथमिकता में कौन लोग आएँगे, यह राज्य तय करेंगे। क्लॉज़ 10(1) का प्रोवाइज़ो कहता है, "Provided that the State Government may, as soon as possible, but within a period not exceeding 365 days, after the commencement of this Act, identify the eligible households in accordance with the guidelines framed under this sub-section".

(Contd. by 1t-mcm/kls)

DS/KLS-MCM/1T-12.50

श्री अरुण जेटली (क्रमागत) : अभी गाइडलाइंस बननी हैं, उन गाइडलाइंस के बाद 365 दिन यानी एक वर्ष के अंदर जिन घरों को यह अनाज मिलेगा उसकी प्राथमिकता की सूची बनेगी। उसके बाद यह डिस्ट्रिब्यूशन होगा। तो इन 30 दिनों में तो कुछ होने वाला नहीं था। लेकिन इन 30 दिनों की प्राथमिकता यह थी कि शायद कोई राजनीतिक संकेत देना चाहता था कि किसी राज्य सरकार को कहे कि एक सांकेतिक कार्यक्रम कर लीजिए आप। अब किसी की राजनीतिक उपलब्धि हो या राजनीतिक संकेत देना है, वह आर्डिनेंस इश्युइंग पॉवर को जस्टिफाई नहीं करता। अध्यादेश जारी करने का अधिकार, यह संवैधानिक अधिकार है। इसका सही उपयोग होता है कि

30 दिनों के अंदर कुछ-न-कुछ इसकी कार्यवाही आरम्भ होनी थी। क्या गाइडलाइंस इश्यू हो चुकी हैं? क्या राज्यों को यह लिख दिया गया है कि यह गाइडलाइंस हैं और 365 दिन या उससे भीतर जो अवधि है, आप उस अवधि में प्राथमिकता के आधार पर इन घरों की सूची बनाइए? आज तक तो यह हुआ नहीं है और इसलिए 30 दिनों की हम प्रतीक्षा नहीं कर सकते थे और आर्डिनेंस के रूप से लाएं, यह राजनीतिक निर्णय हो सकता है, संविधान इसकी अनुमति नहीं देता।

महोदय, दूसरा, मैंने बार-बार इस कानून को पढ़ा है। कम से कम 30 ऐसी जिम्मेदारियां हैं रेस्पांसिबिलिटीज़ हैं, ऑब्लीगेशंस हैं, अधिकार हैं, जो प्रायः राज्य सरकारों के हैं। राशन कार्ड कौन बनाएगा? राज्य सरकार। इस अनाज को डिस्ट्रीब्यूट कौन करेगा? राज्य सरकार। अगर इस लिस्ट को बदलना है तो कौन करेगा? राज्य सरकार। आंगनबाड़ियों का प्रयोग करना है तो उसकी लिस्ट कौन बनाएगा? राज्य सरकार। अगर क्लॉज-8 में खाद्यान्न के बदले में पैसा देना है तो यह निर्णय राज्य सरकार लेगी। पूरी लिस्ट राज्य सरकार बनाएगी प्रॉयोरिटी हाऊसहोल्ड की। इसमें जो रिफॉर्म्स हैं, वह केन्द्र भी कर सकता है और राज्य सरकार भी कर सकती है। ग्रिविएंस रिड्रेसल में जिसको शिकायत है वह राज्य सरकार के समक्ष जाएगा। उस मकेनिज्म को सैटअप करने का अधिकार राज्य सरकार का है। स्टेट फूड कमीशन होगा जिसके सामने विवाद चलेंगे। वह कौन बनाएगा? राज्य सरकार। इसके अतिरिक्त आप देख लीजिए कि पूरी मॉनिटरिंग क्लॉज 24 में इस कानून के तहत राज्य सरकार की होगी। अगर लोकल अथॉरिटीज का,

म्युनिसिपैलिटीज़ का प्रयोग होगा तो राज्य सरकार तय करेगी कि कौन सी हैं। इस के अतिरिक्त क्लॉज 40 में जो रूल्स बनेंगे, वह कौन बनाएगा? राज्य सरकार। उपसभापति महोदय, इस देश में एक संघीय ढांचा है। We have a federal structure और इस कानून को लागू करने की जो जिम्मेदारी है वह राज्य सरकारों को दे दी गयी है।

डा0 कर्ण सिंह : इसीलिए राज्य सरकारों को दी गई हैं।

श्री अरुण जेटली : मैं उसका स्वागत कर रहा हूं और अगर केन्द्र चाहे तो किसी राज्य में घुसकर इस का डॉयरेक्ट डिस्ट्रीब्यूशन करना चाहे, तो वह संभव भी नहीं है। अब राज्यों के कितने मुख्य मंत्री हैं जो अपने राज्यों के अलग-अलग सुझाव दे रहे हैं। Different Chief Ministers are giving different suggestions. Several Chief Ministers are writing to the Centre about 'what are the peculiarities of the scheme which will suit my State, the extent of coverage, the kind of nutritious food to be given, the extent of food to be given, the wages of food to be given, etc.' All these are matters which the Chief Ministers of States are writing about, 'I have schemes in my State which are better and superior schemes and I would like to continue with them.' If they want to do that, so this whole concept that the Centre decides one size and that one size will fit everyone irrespective of the peculiar situation in the States. तो इसलिए शायद यह आपके लिए आवश्यक होता कि खाद्यान्न का अधिकार हो, लेकिन हर राज्य के अनुकूल उसका जो

लचीलापन या फ्लैक्सिबिलिटीज है हर राज्य के अनुकूल, अगर आप उन्हें राज्यों के ऊपर छोड़ देते, तो जो मुख्य मंत्री कह रहे हैं कि मेरे राज्य की योजना इससे बेहतर है या मेरे राज्य की जो प्राथमिकता और आवश्यकता है, वह इस कानून से अलग है, तो शायद बेहतर होता।

उपसभापति जी, एक तर्क दिया जा रहा है कि जो मौजूदा योजनाएं हैं, उन योजनाओं में एनटाइटलमेंट है, अधिकार नहीं है और इस के बाद एक अधिकार मिलेगा।

(1U/PK/HMS प्र जारी)

PK-HMS/1U/12.55

SHRI ARUN JAITLEY (CONTD.): Entitlement will now become a right. Sir, at times, the devil is in the details. I would like the hon. Minister to read with me the most important clause, clause 3(2). The argument is that 75 per cent of the rural population and 50 per cent of the urban population is going to *ipso facto* benefit from this. Look at the language now. It says, " The entitlements of persons belonging to eligible households referred to in sub-section (1) at subsidised prices shall extend up to...." I repeat and underline 'shall extend up to seventy-five per cent of the rural population and up to fifty per cent of the urban population.' The way it is drafted, ".. seventy-five per cent of rural house population and fifty per cent of urban population...." is not the

base, it is the outer cap. This cap is not a fixed cap. Read clause 2 now in conjuction with clause 9. It says, "The percentage coverage under the Targetted Public Distribution System in rural and urban areas for each State shall, subject to sub-section (2) of section 3, be determined by the Central Government and the total number of persons to be covered in such rural and urban areas of the State shall be calculated on the basis of the population estimates..." तो आउटर लिमिट 75 फीसदी और 50 फीसदी होगी। यह कैप है, बेस नहीं है, इसलिए क्लॉज 9 के तहत भी इस में लचीलापन और फ्लैक्सिबिलिटी का अधिकार केवल केन्द्रीय सरकार को है। तो इस लिमिट को 75 फीसदी और 50 फीसदी तक ले जाना है, कितना कम करना है, वह अधिकार आपने अपने पास रख लिया है।

उपसभापति जी, मैंने इस बिल का अध्ययन किया और पाया कि बेहतर होता कि आप इस का नाम परिवर्तित कर देते। आप ने नेशनल फूड सेक्युरिटी बिल और ऐक्ट, जब यह ऐक्ट बन जाएगा, effectively, it is a repackaging of all existing food schemes. आपने मौजूदा स्कीम्स को परिवर्तित कर के एक नया रूप दे दिया। मैं यह इस आधार पर कह रहा हूं कि इसी सदन में 23 अगस्त को हमारे साथी नरेश गुजराल जी ने एक प्रश्न पूछा था कि मौजूदा योजनाओं पर कितना पैसा खर्च हो रहा है और यह कानून बन जाने पर कितना पैसा खर्च होगा? माननीय मंत्री जी ने इस प्रश्न का जो जवाब दिया, उसे मैं यहां पढ़ देता हूं, "Now it is 2013. Even if there is

no Food Security Bill, our subsidy will go up to Rs.1,13,000 crores. Now, when the Food Security Bill is implemented, which includes many schemes, like the Mid-Day Meal Scheme and other schemes for women and children, all these things together, the subsidy will be about Rs. 1, 25,000 crores."

तो 12 हजार करोड़ रुपया मौजूदा योजनाओं में हम और जोड़ देंगे, यह मंत्री जी का कहना है।

(1 डबल्यू/एमपी पर जरी)

MP-PB/1.00/1w

श्री अरुण जेटली (क्रमागत) : मैंने बजट के जो डॉक्यूमेंट्स थे, उन सारे दस्तावेज़ों को पढ़ा कि मौजूदा साल के बजट में खाद्यान्न की जितनी योजनाएं हैं, उनके ऊपर आपने कितना अमाउंट ऐलोकेट किया। Food Subsidy *via* Targeted Public Distribution Scheme, including Rs. 10,000 crores, जो एडिशनल कहा -- Rs. 91,034 crores. Mid Day Meal Scheme – Rs. 13,215 crores; Integrated Child Development Scheme – Rs. 17,700 crores; National Food Security Mission – Rs. 2250 crores; National Nutrition Mission: Computerization of PDS – Rs. 200 crores; Warehousing – Rs.145 crores. मौजूदा बजट में यह प्रावधान था और यह प्रावधान 1 लाख 13 हज़ार करोड़ का नहीं था, जो आपने कहा। मैंने इसका कुल योग लगाया तो वह है, 1 लाख 24 हज़ार 844 करोड़। The total amount provided in this year's Budget on all Food

Schemes, even without this Act or Bill or Ordinance, is Rs.1,24,844 crores. You have re-packaged that and now say, 'it will become an Act.' You say, 'my Schemes were an entitlement but the Act is a right.' The Act says, '... will extend up to ...' So, the language is flexible. How much it can be reduced, how much it can be raised -- you keep that power reserved to yourself in the Act. Not this alone. You can look at it in another way. 'How many people are covered under your existing schemes?' यह भी आपका संसद में ही उत्तर है। मौजूदा योजनाओं में कितने लोग कवर्ड हैं? अलग-अलग ऐस्टिमेट्स हैं कि परिवार में 4.6 लोग होते हैं या 4.8 होते हैं। We can keep that academic argument apart. जितनी मौजूदा योजनाएं हैं, उसमें सस्ता अनाज कितने लोगों को मिल रहा है? 82.99 करोड़ को। अगर आपका यह पूरा 'extend up to' छोड़ दिया जाए और 75 परसेंट रूरल और 50 परसेंट अर्बन ले लिया जाए, तो आज की जनसंख्या के आधार पर this 82.99 crores will become 81.37 crores. What a great achievement! So, you have extended it to poor people. You have, in fact, cut down the number of people. Now, what do you do with States? And, many States — and here this is a Council of States and therefore I raise the issue of States — are represented through their Members elected in the Rajya Sabha here, and that is what the Chief Ministers are writing to you. There are States with existing

Schemes which are superior. आप पांच किलो अनाज देंगे। अगर परिवार का औसतन साइज़ 4.6 या 4.8 भी ले लिया जाए, तो 23 या 24 किलो अनाज हो गया। अब उस राज्य का क्या करें, जैसे छत्तीसगढ़, जो 35 किलो अनाज दे रहा है? आपकी योजना मानें या अपनी मानें और उसको कम करें? आप कह रहे हैं कि दो रुपए, तीन रुपए पर दूंगा, लेकिन वह तो एक रुपए के हिसाब से पैंतीस किलो दे रहा है। तो क्या आपके कहने पर वह डबल या ट्रिपल करेगा? आप सिर्फ अनाज दे रहे हैं, वह भी पांच किलो प्रति व्यक्ति, वह अनाज भी देता है, चना भी देता है, आयोडाइज्ड नमक भी देता है, चीनी भी देता है, दाल भी देता है और नमक तो फ्री में देता है। ऐसा केवल छत्तीसगढ़ नहीं है, ये योजनाएं और राज्यों की भी हैं, इसलिए थोड़ा बड़ा दिल दिखाइए और इसमें लिखिए कि जो राज्य हमसे बेहतर योजना के तहत दे रहे हैं, उन राज्यों की योजनाएं चलती रहेंगी, वे कम नहीं करेंगे। ...(व्यवधान)... आपकी जो योजना है, वह केवल अनाज की है, फूडग्रेन्स की है। उनकी जो न्यूट्रिशियस वैल्यू है, उसमें प्रोटीन भी है, अन्य चीज़ें भी हैं। उसमें और सुधार की गुंजाइश हो सकती है। विस्तृत रूप से मेरे सहयोगी वेंकैया जी इस पर बोलेंगे, लेकिन मेरा मूल प्रश्न है कि...

(1X/GS-SKC पर जारी)

-PB/SKC-/1X/1.05

श्री अरुण जेटली (क्रमागत): ऐसी कौन सी आफत आ रही थी जिसकी वजह से इतनी जल्दी थी? मौजूदा योजनाएं थीं – एक लाख 24 हजार करोड़ से ज्यादा उन पर खर्च किया जा रहा था, उसको एक लाख 25 हजार करोड़ में बदलना है। राज्यों में यह योजना चल रही है। अगर entitlement को राइट में बदलना है, तो 30 दिन की प्रतीक्षा भी हो सकती थी, फिर आप ये "extend up to" न करते । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आर्डिनेंस इश्यू करने के लिए कौन सी जल्दी और आफत थी कि इस तरह का कानून और वह कानून, जो पूर्ण रूप से राज्यों में लागू करना है, राज्यों के पास इससे बेहतर योजनाएं हैं । क्या ऐसा करने के लिए आप संसद के सत्र की प्रतीक्षा नहीं कर सकते थे? इसलिए आपने अपने Ordinance-issuing power के अधिकार का दुरुपयोग किया। धन्यवाद।

(समाप्त)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, the hon. Minister would now move the National Food Security Bill, 2013 for consideration.

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION (PROF. K.V. THOMAS): Sir, I beg to move...(Interruptions)...

SHRI BALBIR PUNJ: Sir, he is not speaking into the mike. It is not audible. ...(Interruptions)... The hon. Minister lacks conviction in the Bill. That is why he is not...(Interruptions)...

MR. CHAIRMAN: Please, come to the mike. आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान)... Speak louder. ...(Interruptions)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, there is no voice security! ...(Interruptions)...

MR. CHAIRMAN: Now, please. ...(Interruptions)... Please speak into the mike, Mr. Minister. ...(Interruptions).... Speak louder. ...(Interruptions).... After the Minister moves the Bill, we would have a break.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I think the Minister's food security is important and so, you should break for lunch. ...(Interruptions)... Let us break for lunch. Let him eat and come back, so that we could all hear him. ...(Interruptions)...

PROF. K.V. THOMAS: Sir, I move:

> That the Bill to provide for food and nutritional security in human life cycle approach, by ensuring access to adequate quantity of quality food at affordable prices to people to live a life with dignity and for matter connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The questions were proposed.

(Ends)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, would you like to say something?

PROF. K.V. THOMAS: Sir, I would do that later.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right; he would speak after discussion. Now, hon. Members, the Statutory Resolution has been moved; the Bill for consideration has also been moved. As per practice, we would take the discussion together. Now, it is almost 1.10 p.m. Shall we decide that there would be no lunch-break?

SOME HON. MEMBERS: No, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. Let us have lunch-break up to 2.00 p.m.

The House is adjourned up to 2.00 p.m.

The House then adjourned for lunch
at eight minutes past one of the clock.